वेब चैनल
यूट्यूब न्यूज
1 लाख लोग

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

सफलता पूर्वक साल 5

वर्ष.- 6 अंक . 67 Reg no-4-000-1393 www.politelive.com

धनबाद ,बुधवार ,16 अक्टूबर, 2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# महाराष्ट्र में एक चरण व झारखंड में दो चरणों में होगा चुनाव, तारीखों का किया ऐलान

**PL न्यूज डेस्क :** चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। महाराष्ट्र में एक ही चरण में मतदान संपन्न होगा, जबकि झारखंड में दो चरणों में चुनाव आयोजित किए जाएंगे।




## झारखंड में दो चरणों में होंगे मतदान

झारखंड विधानसभा चुनाव का पहला चरण 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण 20 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के मतदान के बाद चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## महाराष्ट्र में एक ही चरण में मतदान

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे। मतदान की तारीख 20 नवंबर निर्धारित की गई है। यहाँ भी नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे।

## आयोग का बयान

चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि दोनों राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। चुनाव आयोग की टीमें मतदान के सफल आयोजन के लिए तैयार हैं।

| चुनाव की तारीखें:- |
| --- |
| झारखंड |
| पहला चरण : 13 नवंबर |
| दूसरा चरण : 20 नवंबर |
| महाराष्ट्र : 20 नवंबर |
| नतीजे : 23 नवंबर |

## आज से लागू हो जायेगा आदर्श आचार संहिता, उतर जायेंगे बैनर पोस्टर

### नेताओ की अधूरी रह जायेगी दीपावली, छठ व गोवर्धन पूजा की बधाई

**धनबाद :** चुनाव की घोषणा होने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई . फिर विभिन्न राजनीतिक दलों की और से लागये गये बैनर पोस्टर उतरने लगेंगे.ऐसे में राजनीतिक दलों के नेताओ का दुर्गा पूजा का लाभ तो मिल गया.अब उसी बैनर पोस्टर में लागये दीपावली,छठ व गोवर्धन की और से बधाई संदेश को आम लोग कैसे देख पायेंगे.दुर्गा पूजा से पहले सभी राजनीतिक दल व संगठन के नेतागण पूरे धनबाद के सभी विधानसभा में बैनर पोस्टर लगाकर छाये हुए थे.धनबाद स्टेशन रणधीर वर्मा चौक, राँगा टांड बैंक मोड, सराई ढेला,सिंदरी झरिया, गोविंदपुर,फोरलेन सड़क से लेकर कतरास-चंद्रपुरा हीरक मार्ग, कतरास-फुलरीटाड, कतरास-राजगंज,कंको-धनबाद मार्ग,महुदा-कपुरिया के अलावा विभिन्न ग्रामीण सड़क से लेकर पूजा पंडालों में पोस्टर बैनर से पाट दिया गया था.अब सभी उतर जायेंगे. दीपावली, छठ व गोवर्धन पूजा की बधाई देना सभी नेताओं की अधूरी रह जायेगी.कुछ तो नये समाज सेवियों ने भी खूब पोस्टर लगाए है, उन्हें लगा की जनता के दिल में पोस्टर लगाने से ही दिल में जगह बना लेंगे..

चल रहा है।
धनबाद एक्सपो
डिजनीलैण्ड मेला
मनोरंजन करने का एक मात्र प्रतिष्ठान
स्थान : जिला परिषद मैदान, धनबाद
टोरा-टोरा, ब्रेकडांस, तारामाची
अन्य झूलो के साथ
सपरिवार के साथ आए
और मेला का आंनद उठाएं
रोजाना 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक

# झारखंड विस चुनाव की घोषणा के साथ ही धनबाद जिला प्रशासन रेस

**आज से आदर्श आचार संहिता लागू..डीसी और एसएसपी ने कहा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए हम तैयार है**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



**धनबाद :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है वहीं धनबाद उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा और एसएसपी एच पी जनार्दनन ने आज में प्रेस वार्ता कर बताया कि धनबाद जिला में पड़ने वाले कुल 06 विधानसभा चुनाव की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है्य धनबाद में 20 नवंबर को मतदान होगी जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी..इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई..जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद पत्रकार वार्ता कर मीडिया से कहा कि धनबाद में 22 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी।नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024 रहेगी। 30 अक्टूबर 2024 को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर 2024 को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में धनबाद में 20 नवंबर 2024 को मतदान किया जाएगा। 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी तथा 25 नवंबर 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।पत्रकार वार्ता में मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप जी जनार्दनन ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि सिंदरी एवं टुंडी विधानसभा में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं 41 मतदान केंद्र नक्सल एरिया में है। जबकि वल्नरेबल बूथ की संख्या 37 एवं क्रिटिकल बूथ की संख्या 632 है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर जिले को 260 सेक्टर में बांटा गया है। जहां मतदान संपन्न होने तक सुरक्षाकर्मी भ्रमण करते रहेंगे। मतदान के दिन 19 जोन में क्विक रिस्पांस टीम मौजूद रहेगी।उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम करने के लिए एक 9731 से अधिक वैसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया है जो विगत 1 साल में विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। वहीं पिछले 10 साल में विविध कांड में संलिप्त अभियुक्तों की भी लिस्ट बनाई गई है। उनके ऊपर पुलिस की सतत नजर रहेगी और प्रीवेंटिव कार्रवाई भी की जाएगी।एसएसपी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सीएमपीएफ की 5 कंपनी एलॉट की गई है। जिसमें 2 कंपनी धनबाद में आ गई है और अभी से जिले के हर कोने में भ्रमणशील रहेगी। साथ ही उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने निकटतम थाना में हथियार जमा करने का निर्देश दिया।एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं भड़काऊ मैसेज डालने वालों के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल भी प्रभावी है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकार वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन, 38 सिंदरी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# एसडीओ ने की धनबाद विस के सभी एईआरओ के साथ बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



**धनबाद :** अनुमंडल पदाधिकारी सह 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी श्री राजेश कुमार ने पुराने समाहरणालय में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बैठक की. इस अवसर पर उन्होंने 40 धनबाद विधानसभा के सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी सेक्टर ऑफिसर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

# भाजपा नेता के ऑफिस में फायरिंग का आरोपी चोरी की बाइक के साथ धराया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**सिंदरी :** सिंदरी में पुलिस के वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक विकास राम उर्फ विवेक पुलिस के हत्थे चढ गया. पुलिस ने बाइक जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया. यह जा जानकारी सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने प्रेसवार्ता में दी. बताया कि 27 वर्षीय विकास राम अपने दो साथियों के साथ बिना नंबर की हीरो होंडा मोटरसाइकिल के साथ आ रहा था. पुलिस को देख उसके दोनों साथी सिंदरी थाना से थोड़ा पहले उतर कर झाड़ियों की ओर भाग गए, परंतु विकास राम पकड़ा गया. पूछताछ के दौरान उसने मोटरसाइकिल का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया और स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल चोरी की है. थाना प्रभारी ने बताया कि विकास ने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. जिसमें 25 अगस्त 2022 को शहरपुरा स्थित भाजपा नेता लक्की सिंह के कार्यालय पर फायरिंग और हर्ल विद्युत सब स्टेशन में केबल की चोरी तथा दो अन्य बाइक की चोरी का मामला शामिल है.

# एसएनएमएमसीएच समेत राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के जूनियर डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार

पोलिट लाइव रिपोर्टर




**धनबाद :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल समेत राज्य के सभी छह मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टर मंगलवार को 12 घंटे का कार्य बहिष्कार किया . यह कार्य बहिष्कार फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले घोषित था, इसके तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक जूनियर डॉक्टर ओपीडी और रूटीन सर्जरी में अपनी सेवाएं नहीं दिया . पंजीयन काउंटर से पर्ची जारी नहीं होने दी गई , जिससे नये मरीजों की भर्ती सेंट्रल इमरजेंसी द्वारा ही की जा सके. हालांकि वार्ड में पहले से भर्ती मरीजों की देखभाल और आपातकालीन सेवाएं संचालित रहेंगी यानी इमरजेंसी सर्जरी, गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी, बच्चों का टीकाकारण, पोस्टमार्टम को इससे दूर रखा गया था,

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों (जूनियर डॉक्टरों) की बैठक थी,इसमें पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में एक दिन के कार्य बहिष्कार पर अंतिम निर्णय लिया गया था,डॉक्टरों ने कहा कि महिला जूनियर डॉक्टर के साथ अभी तक न्याय नहीं हुआ है, इसलिए हम उनका समर्थन कर रहे हैं.ओर आगे भी जारी रहेगा.

# पुलिस विभाग में प्रोन्नती पाने वाले अधिकारियों के लिए पिपिंग सेरेमनी का आयोजन न्यू टाउन हॉल में

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** न्यू टाउन हॉल में मंगलवार को पुलिस विभाग में प्रोन्नती पाने वाले अधिकारियों के लिए पिपिंग सेरेमनी आयोजित की गई । जिन पुलिस कर्मियों को प्रमोट किया गया उनमें कुल 254 लोग शामिल हैं।सिपाही/हवलदार से 250 पुलिस कर्मियों को सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नती दी गई, इसके साथ ही 3 पदाधिकारियों को पुलिस निरीक्षक व 1 को अवर पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नती दी गई. एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन महोदय ने प्रोन्नती पाने वाले सभी पदाधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी। एसएसपी महोदय समेत अन्य पदाधिकारियों ने अधिकारियों को प्रोन्नती के बाद मिलने वाला




स्टार लगाया।एसएसपी महोदय ने कहा कि प्रोन्नती पाने वालों के लिए उनके जीवन में यह एक यादगार क्षण है। एसएसपी महोदय ने प्रमोशन पाने वाले सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर कार्य करते हुए अपनी जिम्मेवारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने को कहा. पिपिंग सेरिमनी में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालव द्वितीय डी एन बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, डीएसपी सीसीआर श्री सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे.





## शराबी पिता ने अपनी ही दुधमुंही बच्ची को पटक कर मार डाला, गिरफ्तार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**गलफरबाड़ी :** धनबाद जिले के गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र के सियारकनाली गांव में शराबी पिता ने अपनी 21 दिन की दुधमुंही बच्ची को पटक कर मार डाला. यह आरोप बच्ची की मां ममता देवी ने लगाया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की आरोपी पिता दीपक पासवान को गिरफ्तार कर ले गई. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है. वहीं, बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. बच्ची के पिता दीपक पासवान ने आरोप को गलत बताया है. उसने पुलिस को बताया कि वह अपनी बीमार पत्नी का इलाज करवा रहा है. उसे टीबी की बीमारी है. बच्ची को पटक कर मारने की बात झूठी है. वहीं, ममता देवी ने बताया कि सोमवार की शाम पति दीपक पासवान शराब के नशे में धुत होकर घर आया और बेवजह झगड़ा करने लगा. इसी दौरान उसने दुधमुंही बच्ची को पटक दिया. बच्ची को अंदरूनी चोट आई और उसने दूध पीना छोड़ दिया. मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई. ममता ने बताया कि पति दीपक शराब पीकर उसके साथ अक्सर मारपीट करता है. बूढ़ी मां के साथ भी मारपीट करता है. ग्रामीणों ने भी दीपक की करतूत बयां करते हुए कहा कि मारपीट के डर से ममता और उसकी सास गांव में छुपती फिरती हैं.

## चैंपियन धनबाद टीम के खिलाड़ियों को स्टेट लेवल सर्टिफिकेट मिला

पोलिट लाइव रिपोर्टर




**धनबाद :** 15वीं यूथ झारखंड स्टेट अंडर 21 वालीबॉल चैंपियनशिप में चैंपियन बने धनबाद यूथ वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ियों को स्टेट लेवल सर्टिफिकेट आज वॉलीबॉल स्टेडियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि बर्ड्स गार्डन स्कूल फ्रॅल्ल्ज प्रिंसिपल प्रमोद चौरसिया ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया विजेता टीम के खिलाड़ी इस प्रकार थे जीत विश्वकर्मा, नीरज कुमार, राजदीप पॉल, सुमन कुमार, आदर्श राज सिंह, आदर्श सिंह, बंटी कुमार, सौम्या महाराज, कन्हैया यादव, देव ज्योति हालदार, आशीष मालाकार, साहिल यादव, कृष्ण कुमार को सम्मानित किया गया है

मौके पर मुख्य रूप से महासचिव सूरज प्रकाश लाल, जितेन कुमार, रोहित कुमार मिश्रा, दीपक महतो, संतोष महाराज उपस्थित थे

# झारखण्ड के राज्यपाल माननीय श्री संतोष गंगवार एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शामिल होने धनबाद पहुंचे

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** झारखण्ड के राज्यपाल माननीय श्री संतोष गंगवार एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शामिल होने मगंलवार को धनबाद पहुंचे। वही राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से चाक चौबंद की गई थी।अस्पताल के मुख्य द्वार पर लगाये गए मेटल डिटेक्टर डोर से जाँच के बाद ही है आम लोगों के प्रवेश की है अनुमति थी। उद्घाटन समारोह मे धनबाद उपायुक्त डीसी, धनबाद



एसएसपी के अलावे पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा,भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता समेत आईएमए अध्यक्ष डॉ.एके सिंह एवं शहर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक गण उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी




सिंह ने राज्यपाल को फूलो का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। साथ ही झरिया विधनसभा क्षेत्र से संबंधित कई बातों पर राज्यपाल से विस्तार पूर्वक चचाएं की।

# एसएनएमएमसीएच में बाइक चोरी की कोशिश करने के आरोप में लोगों ने एक युवक को पकड़ कर जमकर धुनाई की

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद:** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में बाइक चोरी की कोशिश करने के आरोप में लोगों ने एक युवक को पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी. लोगों के मुताबिक अस्पताल परिसर में खड़ी बाइक को युवक अपनी चाबी से खोलने की कोशिश कर रहा था. इस दौरान लोगों की नजर उस पर पड़ गई. इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई. जानकारी मिलने के बाद सरायढेला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई है.



### तीन युवक पहुंचे थे बाइक चोरी करने

इस संबंध में एसएनएमएमसीएच अस्पताल के निजी सुरक्षा एजेंसी कमांडो सिक्यूरिटी के स्टाफ राज हांडी ने बताया कि अस्पताल के मुख्य द्वार के बगल से ओपीडी जाने वाली गैलरी के बगल में कई बाइक खड़ी थी और युवक दो अन्य साथियों के साथ बाइक की लॉक खोलने की कोशिश कर रहा था. इस दौरान उनकी नजर युवक पर पड़ गई.

### दो युवक भागने में सफल, एक धराया

लोगों की नजर पड़ते ही तीनों युवकों ने भागने की कोशिश की. जिसमें से दो युवक तो भागने में सफल रहे, लेकिन एक युवक को लोगों ने दबोच लिया. युवक को पकड़ने के बाद लोगों ने जमकर उसकी पिटाई कर दी. इसके बाद युवक को पुलिस को सौंप दिया गया. सिक्यूरिटी स्टाफ ने बताया कि लगातार अस्पताल परिसर से बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं.



### अस्पताल परिसर से कल हुई थी बाइक चोरी

वहीं मौके पर गोविंदपुर के रहने वाले जितेन रजक ने बताया कि उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं. अपनी बाइक खड़ी कर वार्ड के अंदर मां को देखने के लिए गए थे. वापस लौटने के बाद उनकी बाइक नहीं मिली. सोमवार को करीब 11 बजे उनकी बाइक चोरी हुई थी.

### पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

वहीं मौके पर पहुंची सरायढेला थाना के सब इंस्पेक्टर ने बताया कि बाइक चोरी की कोशिश करने की जानकारी मिली थी. जिसके बाद मौके पर पहुंचे हैं. फिलहाल आरोपी को पकड़कर थाना ले जाया जा रहा है. युवक से थाने में पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पूरे धनबाद अनुमंडल में की निषेधाज्ञा जारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के पश्चात पूरे धनबाद अनुमंडल में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए तिथियों की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने की उद्घोषणा कर दी गयी है।उक्त घोषणा के फलस्वरूप विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं के बीच आपसी प्रतिद्वन्दता एवं विद्वेष की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन लोगों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर भीड़ एकत्रित कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर विरोधियों के बीच उत्पन्न करने का भी प्रयास किया जा सकता है..इसके अतिरिक्त आपराधिक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा भी इन अवसरों का लाभ उठाकर अपनी गतिविधियों से गंभीर विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न की जा सकती है। जिसका कुप्रभाव आम जन जीवन पर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।इसलिए तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक पूरे धनबाद अनुमंडल में भा.ना.सु.सं. 2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।निषेधाज्ञा के दौरान पाँच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा..साथ ही बिना अनुमति के किसी प्रकार का बैठक करना, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करना, लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित



रहेगा।इसके अलावा किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित आदर्श आचार संहिता के सारे नियम विधि-व्यवस्था एवं निर्भय तथा साफ-सुथरा चुनावी प्रक्रिया के लिए दिये जाते हैं। इसके बाद आचार संहिता में जो भी नियम पारित होने वाले है या होंगे वे भी नियम इसमें सम्मिलित होंगे।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आधार संहिता के जारी सारे वर्णित बिन्दु भा.ना.सु.सं. 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत शामिल रहेंगे..वहीं नेपालियों द्वारा खुखरी धारण, सिक्खों द्वारा कृपाण धारण, शादी विवाह से संबधित जुलूस में सम्मिलित व्यक्तियों, शव यात्रा में जाने वाले जुलूस, हाट बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल, विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा..

# एसएनएमएमसीएच में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप,किया हंगामा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** पूर्वी टुंडी के महाराजगंज रामपुर बस्ती में रहने वाले गणेश रजक (46) की मौत सोमवार को इलाज के दौरान एसएनएमएमसीएच में हो गयी. इसके बाद परिजनों ने इमरजेंसी में जम कर हंगामा दिया. घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ पर पैसे मांगने और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया. गणेश के पुत्र भोला रजक ने बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं. उनके सीने पर बड़ा फोका हो गया था. तबीयत भी खराब थी. उन्हें तीन दिन पहले एसएनएमएमसीएच के कैथलैब में भर्ती करवाया था. सोमवार की सुबह उनकी स्थिति बिगड़ने लगी. उनलोगों ने डॉक्टर को इलाज करने के लिए कहा, लेकिन कई बार कहने के बाद भी कोई डॉक्टर देखने नहीं आये. इस दौरान उनकी तबीयत और खराब हो गयी और मौत हुई. परिजनों के अनुसार गणेश को शुगर भी था. डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ही मौत हुई है.



**स्वास्थ्यकर्मियों पर पैसे मांगने का आरोप :** भोला ने बताया कि पिछले तीन दिनों से यहां के स्टाफ और डॉक्टर इलाज व जांच के नाम पर कभी 1600, तो कभी 50 रुपये की मांग की. सोमवार की सुबह छह सौ रुपये मांग कर रहे थे. पहले रुपया दिया था और अभी भी दे देतें, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज नहीं किया.

**मारपीट पर उतारू हो गये परिजन :** गणेश की मौत के बाद दर्जनों लोग अस्पताल पहुंच गये और हो हंगामा शुरू कर दिया. वहां मौजूद डॉक्टरों से उलझ गये और मारपीट पर उतारू हो गये. स्टाफ ने बीच बचाव किया. इसके चिकित्सक और स्टाफ बाहर निकल गये. उसके बाद पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया. वे लोग मानने को तैयार नहीं हुए. फिर सरायढेला थाना से दुबारा पुलिस भेजा गया और बहुत मुश्किल से सभी लोगों को शांत कराया.

# झारखंड जनित मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक तोपचांची ढांगी आयोजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**गोमो।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची के ढांगी में जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक के द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान माना पाठक जी ने सभी कार्यकताओं को चुनाव में किस तरीके से काम करना है और जीत सुनिश्चित करने के लिए कई तरह के टिप्स दिए। मौके पर भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने माना पाठक जी के बातों में हामी भरते हुए भारी मतों से माना पाठक को विजय बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## सीपीआई(एमएल)के कार्यकर्ता सम्मेलन झरिया विधानसभा में संपन्न




पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरियाः भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनबादी) लिबरेशन की ओर से झरिया अंचल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया,

जिसमें मुख्य रूप से निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी उपस्थित थे, उनके उपस्थिति में दूसरे दल से काफी संख्या में लोग माले का दामन थामा '

मौके परः-- आनंद महिपाल,बिंदा पासवान, रुस्तम अंसारी, राजेंद्र पासवान, निताई महतो आदि साथी मौजूद थे '

## धनबाद : विस चुनाव की घोषणा से पूर्व भूली में 5 योजनाओं का शिलान्यास

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**भूली :** झारखंड में मंगलवार को विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले भूली सी ब्लॉक स्थित अटल स्मृति पार्क में धनबाद विधायक राज सिन्हा के मद से पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया. विधायक के निर्देश पर योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ किया गया. समारोह में लोगों को मिठाई भी खिलाई गई. जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें दो शेड का निर्माण व तीन पीसीसी पथों का निर्माण शामिल है. इनमें बी ब्लॉक बुधनी हटिया से खटाल तक 400 फीट पीसीसी सड़क शामिल है. मौके



पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, कोषाध्यक्ष इंद्रकांत झा, ओमप्रकाश झा, मनमोहन सिंह, पप्पू शर्मा, ऋषभ राज कश्यप, प्रयाग राज रविदास, महेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, विष्णु सिंह, मानस रंजन पाल आदि मौजूद थे

# अग्रसेन जयंती पर निकलेगी भव्य निशान शोभा यात्रा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**झरिया :** झरिया में अग्रसेन जयंती पर 17 अक्टूबर को भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी. यह जानकारी अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई. मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि श्याम मंदिर से शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी और पूरे झरिया का भ्रमण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त होगी. इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन होगा और शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार




अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जी महाराज का जन्म भगवान राम के कुल में 5149 वर्ष पहले अग्रोहा में हुआ था. उनकी शादी नाग कन्या से हुई थी, जिनका नाम महारानी माधवी था. उन्होंने कहा था कि तुम अपने अगल-बगल रहने वालों की चिंता करो, तुम्हे अपनी चिंता करने की जरूरत नहीं है. समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखो. माता लक्ष्मी की कृपा तुम पर हमेशा बनी रहेगी.

उनके बताये मार्ग पर चल कर ही समाज की ओर से स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मंदिर आदि की स्थापना हुई और उनका संचालन भी बेहतर तरीके से हो रहा है. प्रेसवार्ता में रमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विनोद मोदी, विनोद अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, महेश जालुका, दीपक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनूप लिल्हा आदि मौजूद थे.

# झार म्यूटेशन साइट में गड़बड़ी से गोविंदपुर अंचल में दाखिल खारिज एवं राजस्व संबंधी अन्य कार्य पिछले 10 दिनों से हुई बाधित

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**गोविंदपुर** : झार म्यूटेशन साइट में गड़बड़ी से गोविंदपुर अंचल में दाखिल खारिज एवं राजस्व संबंधी अन्य कार्य पिछले 10 दिनों से बाधित हैं। इससे राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक और अंचल अधिकारी विभिन्न मामलों का निष्पादन नहीं कर पा रहे हैं । यह तकनीकी गड़बड़ी पिछले हफ्ते से ही जारी है । इससे अंचल का काम नहीं हो पा रहा है । साइट में गड़बड़ी से अंचल कार्यालय पहुंचने वाली जनता भी परेशान होकर लौट रही है । इस संबंध में अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने धनबाद के अपर समाहर्ता को मंगलवार को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि विगत 8- 10 दिनों से झार म्यूटेशन साइट में दाखिल खारिज आवेदन में किसी प्रकार का सुधार यथा रैयत का नाम, खाता, प्लॉट व रकवा आदि




में सुधार राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी के लॉगिन से नहीं हो पा रहा है और न ही उत्तराधिकार दाखिल खारिज, बंटननामा दाखिल खारिज, गिफ्ट दाखिल खारिज अंचल अधिकारी के लॉगिन से राजस्व उप निरीक्षक के लॉगिन में अग्रसारित नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा प्रत्येक 2 मिनट के अंदर लॉग आउट हो जाने से कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके कारण लंबित आवेदन की सूची में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है । इसमें सुधार किया जाना अति आवश्यक है । अंचल अधिकारी ने अपर समाहर्ता से आग्रह किया है कि इस संबंध में अपने स्तर से डीपीएमयू धनबाद और एनआईसी धनबाद को सुधार के लिए निर्देश दिया जाए । अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज ने बताया कि साइट में गड़बड़ी से जनता का काम नहीं हो पा रहा है गड़बड़ी साइट की है और दोषारोपण अंचल कर्मियों पर किया जा रहा है।

# सिंदरी के परासी पंचायत में माले के बैठक में संपन्न, वोट देने का दिया आश्वासन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : विधानसभा के अंतर्गत परासी पंचायत में माले (एमसीसी ) के एक बैठक हुआ जिसमें सभी ग्रामवासी ने पुनः माले (एमसीसी ) को वोट देने का आश्वासन दिया ग्राम वासियों ने कहा कि हर बार कामरेड आनंद बाबू दो-तीन हजार वोटो से पीछे रह जाते हैं इसलिए इस बार हम सभी ग्रामवासी किसी भी तरह से भूल नहीं करके चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो को अपना बहुमूल्य वोट देने का आश्वासन दिया जिसमें निरसा के पूर्व विधायक श्री अरूप चटर्जी, विक्की खान, पप्पू भाई, सोहराब अंसारी, अब्दुल जब्बार अंसारी, शरीफ उद्दीन अंसारी, जसमत अंसारी, चितरंजन पाल, मनीष बावड़ी, हकीमुद्दीन अंसारी आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे.

# प्रमुख पिंकी देवी ने बलियापुर के बीडीओ एवं सीओ का किया स्वागत



पोलिट लाइव रिपोर्टर

**बलियापुर** : प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के अगुवाई में बीडीओ प्रभाष चन्द्र दास व सीओ प्रवीण कुमार सिंह दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया गया आपको बता दे की नए दोनों पदाधिकारी प्रखंड व अंचल कार्यालय में योगदान दिए जाने के बाद मंगलवार को प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य करने की बातें कही। मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, मुखिया उत्तम चौबे, दिलीप कुमार महतो, विजय गोराई, संजय गोराई, संजीत गोराई, सुनील महतो, पंसस हीरालाल मोदक, श्रीजली देवी, सारथी मंडल, सकोती मुर्मू, भोलानाथ महतो, तपन रजक, शकुंतला कुमारी, शैलेन मंडल, जीतू मंडल के अलावे बीपीओ विशाल कुमार, बीपीओ पूजा वर्मा, सीआई नेहा सिंह सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी मौजूद थे।

# एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए समाजसेवी दिपेश चौहान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबादः** बिनोद बिहारी चौक स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के उद्घाटन झारखंड प्रदेश के राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने किया, जहाँ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए साथ ही कार्यक्रम में सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान शामिल हुए और एसजेएएस ब्लड बैंक का




जायजा लिया उन्होंने बताया कि यह ब्लड पूरे जिले में सबसे आधुनिक, आकर्षक एवं भव्य हैं जो हर तरफ से रक्त दाताओं एवं उनके मरीजों के लिए लाभदायक साबित होगी यहा ब्लड के साथ प्लेटलेट्स और प्लाजमा जैसे अलग अलग कॉम्पोनेंट्स बनाने की भी सुविधा उपलब्ध हैं हमारे जिले में ऐसे बहुत कम ही ब्लड बैंक हैं जहां प्लेटलेट्स, प्लाजमा की सुविधा उपलब्ध हो और अभी देखा जा रहा है कि डेंगू की बीमारी धनबाद में बहुत फैल चुकी हैं हमारी संस्था के पास लगभग हर दिन एक या दो केस डेंगू से पीड़ित मरीज के लिए आ रही हैं जिसमें उन्हें प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती हैं ऐसे में एसजेएएस ब्लड बैंक जरूरतमंद मरीजो के लिए वरदान साबित होगी ' एसजेएएस ब्लड बैंक के डायरेक्टर आशुतोष झा एवं सुदीप पांडे ने समाज सेवी दिपेश चौहान को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया संस्था के सामाजिक कार्यों में भरपूर समर्थन देने का बात कही हैं उन्होंने कहा कि जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता हो उसके लिए हमारी सेवा चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं '

# चुनावी बिगुल बजने से पहले निरसा विधायक ने शिलान्यास की लगाई झड़ी

पोलिट लाइव रिपोर्टर







**निरसा :** झारखंड में मंगलवार को चुनावी बिगुल बजने वाला था,चुनाव की घोषणा से पहले निरसा के भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा क्षेत्र में शिलान्यास की झड़ी लगा दी पंडरा क्षेत्र के लोगों के लिए रानी तलाब का शिलान्यास की है, वर्षों से मांग रही थी की रानी तालाब का जन्नोधार हो जिसके तहत मंगलवार को लघु सिंचाई प्रमंडल धनबाद द्वारा 3 करोड़ 99 लाख की राशि से रानी तलब का जन्नोधार किया गया।साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कालूबथान,यशपुर और पंचेत के कई योजनाओं का शिलान्यास की है.जानकारी देते हुए निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि इस तालाब के जन्नोदार के लिए लगातार प्रयशरत रही हूं जिला प्रशासन से लगातार मांग करते आ रही थी और आज नारियल फोड़ कर विधिबत शिलान्यास किया गया। तालाब सोंदीकारण से क्षेत्र वासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा.

# अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर




**झरिया :** सिजुआ सामुदायिक केंद्र में आयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ रूरल विमेन पर छह सामुदायिक केंद्रों से लगभग 200 ग्रामीण महिलाएं एकत्रित हुईं। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि और ग्रामीण विकास में इन महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करना था।समारोह की शुरूआत पद्म विभूषण रतन एन. टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई. इसके बाद टाटा स्टील झरिया डिवीजन की हेड (एडमिनिस्ट्रेशन) श्वेता मिश्रा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औपचारिक दीप प्रज्वलित किया। अपने संबोधन में श्वेता मिश्रा ने राष्ट्रीय प्रगति में ग्रामीण महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया और समुदाय को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्तन कैंसर जागरूकता सत्र (जो अक्टूबर में विश्व स्तर पर मनाया जाता है) के साथ-साथ पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर चर्चा भी की गई। प्रतिभागियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

उपस्थित प्रमुख लोगों में पीयूष कुमार ( सीनियर एरिया मैनेजर एचआरबीपी, सिजुआ ग्रुप, टाटा स्टील), राजेश कुमार (यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन), डॉ. अंकित प्रकाश (सीनियर रजिस्ट्रार, भेलाटांड फीडर अस्पताल), बिपिन चौधरी (मैनेजर कम्युनिटी डेवलपमेंट, टाटा स्टील फाउंडेशन), अभिषेक कुमार (ब्लॉक अधिकारी, पोषण परियोजना, टाटा स्टील फाउंडेशन), और यशोदा देवी (मुखिया, कंचनपुर पंचायत) शामिल थे।यह कार्यक्रम टाटा स्टील फाउंडेशन की ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति चल रही प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फाउंडेशन नेतृत्व प्रशिक्षण और संवादों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को वैकल्पिक आजीविका विकल्पों के प्रति जागरूक कर रहा है, जिससे घरेलू आय में वृद्धि हो रही है। हाल ही में, सिजुआ में एक महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ने सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की स्थापना की, जिससे किफायती मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक महिलाओं की पहुंच बढ़ी। इस प्रकार की पहलों ने महिलाओं को नए एसएचजी स्थापित करने, पारिवारिक आय बढ़ाने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में मदद की है.

# निपानिया के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में दिया धरना

पोलिट लाइव रिपोर्टर




बलियापुर : बलियापुर प्रखंड अंतर्गत निपनिया मौजा के सरकारी जमीन को गलत तरीके से अंचल कार्यालय द्वारा पेट्रोल पंप खोलने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। इसको लेकर निपानिया गांव के ग्रामीणों द्वारा आज अंचल कार्यालय बलियापुर में एक दिवसीय धरना दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त और अंचलाधिकारी को एक आवेदन देकर जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। तथा मांग नहीं माने जाने पर ग्रामीणों ने 16 अक्टूबर को अंचल कार्यालय से बलियापुर चौक तक मशाल जुलूस, 17 अक्टूबर को निपानिया गांव में महाजुटान होगा तथा 21 अक्टूबर से अंचल कार्यालय के सभी ग्रामीणों द्वारा भूख हड़ताल करने की बात कही है। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी मुखिया प्रतिनिधि सुनील महतो जेएलकेएम नेता प्रेमानंद महतो पंचायत समिति सदस्य दिवाकर महतो विनोद महतो विश्वजीत महतो मुक्तेश्वर महतो आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे